**Series : ZXW4Y** **SET ~ 4**

रोल नं.

Roll No.

| प्रश्न-पत्र कोड Q.P. Code | 39 |
|---|---|

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# भारत की ज्ञान परंपराएँ और पद्धतियाँ

# KNOWLEDGE TRADITIONS AND PRACTICES OF INDIA

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **70***

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **31** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) Please check that this question paper contains **31** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. ~


**सामान्य निर्देश :**

- *इस प्रश्न-पत्र में **I** से **IV** तक **चार** भाग हैं ।*
- **भाग – I** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है)
- **भाग – II** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है)
- **भाग – III** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है)
- **भाग – IV** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है)
- *प्रश्न **15** में एक आंतरिक विकल्प दिया गया है ।*

## भाग – I

भाग-I में **16** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **01** अंक का है ।

1. चित्र को ध्यान से देखिये और दिये गये प्रश्न का उत्तर दीजिए : **1**



निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प दिये गये चित्र का सबसे अच्छा उत्तर है ?

(A) तक्षशिला विश्वविद्यालय का आंशिक दृश्य

(B) भारत में पारम्परिक शैक्षिक संस्था

(C) भारत में बौद्धों का एक प्राचीन ढाँचा

(D) धोलावीरा में आपस में जुड़े हुए घरों की शृंखला

2. सही विकल्प चुनें । **1**

कुल्ल, कुंड, आहार, पोखर, खादिन, अराकेरे, कोला, सुरंगम, तड़ागम्, एरी । यह शब्दावली समूह ________ से संबंधित है ।

(A) विविध जल संरचनाओं

(B) बीच की फसल उगाने (इंटरक्रापिंग) की पद्धतियों

(C) खाद की किस्मों

(D) विविध बीज भंडारण पद्धतियों


**General Instructions :**

- *This question paper contains four sections, Section **I** to **IV**.*
- **Section – I** Attempt **all** questions (Each Question carries **1** mark)
- **Section – II** Attempt **all** questions (Each Question carries **2** marks)
- **Section – III** Attempt **all** questions (Each Question carries **5** marks)
- **Section – IV** Attempt **all** questions (Each Question carries **5** marks)
- *One internal choice is given in Q. **15**.*

## SECTION – I

There are **16** questions in Section-I. Each question carries **01** mark.

1. Study the picture and answer the question that follows : **1**



Which of the following option best describes the given picture ?

(A) A partial view of the university of Taxila.

(B) Traditional educational institute in India.

(C) An ancient structure for Buddhists in India.

(D) A series of interconnected residences at Dholavira.

2. Choose the correct option. **1**

Kulls, kunds, ahars, pokhars, khadins, arakere, kolas, surangam, tadagams, eris. This set of vocabulary is related to _____.

(A) a variety of water structures

(B) intercropping methods

(C) a variety of manures

(D) a variety of seed storage methods

3. कॉलम–A की मदों का कॉलम–B की मदों से सही मिलान कीजिए : **1**

| | कॉलम–A | | कॉलम–B |
|---|---|---|---|
| 1. | आश्रमों की प्रथम अवस्था | i. | ब्रह्मांडीय व्यवस्था |
| 2. | बौद्ध नीतिशास्त्र | ii. | नीतिशास्त्र संबंधी सौ छंद |
| 3. | ऋग्वेद | iii. | अष्टांगिक मार्ग |
| 4. | नीति शतकम् | iv. | ब्रह्मचर्य |

**विकल्प :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iv | iii | i | ii |

4. चित्र को ध्यान से देखिये और दिये गये प्रश्न का उत्तर दीजिए : **1**



निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प इस विशिष्ट सामरिक कला (मार्शल आर्ट) 'गदका' का सबसे सटीक वर्णन करता है ?

(A) यह शत्रु का दूर से प्रतिरोध करने अथवा उस पर वार करने का प्रशिक्षण है ।

(B) इस सामरिक कला के अभ्यास के लिए खतरनाक हथियारों कटार, गदा, तलवार से प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है ।

(C) इसके प्रशिक्षण में घुमावदार चालों से खंभे का घिराव करना होता है ।

(D) खेल में सामान्यतया एक लकड़ी की छड़ी और ढाल का प्रयोग किया जाता है ।


3. Match the items in Column A with that of Column B : **1**

| Column A | | Column B | |
|---|---|---|---|
| 1. | First stage of āśramas | i. | Cosmic order |
| 2. | Buddhist Ethics | ii. | Hundred verses on ethics |
| 3. | Rigveda | iii. | Eight fold path |
| 4. | Nīti Śatakam | iv. | Brahmacarya |

**Options :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iv | iii | i | ii |

4. Study the picture and answer the question that follows : **1**



Which of the following options best signifies this particular martial art called Gadka ?

(A) It is a training in remote resistance of or attack on an enemy.

(B) The practice of this martial art form requires training with dangerous weapons dagger, mace, sword.

(C) The training involved encircling the pillar with twisting movements.

(D) A wooden stick and a shield are usually used in the match.

5. भारत में पांडुलिपियाँ पारम्परिक रूप से ______ और ______ पर लिखी जाती थीं । 1

a. ताड़पत्र

b. पत्थर की स्लेट

c. भूर्जपत्र

d. काष्ठ पट्ट (पैनल)

**विकल्प** :

(A) b और c

(B) b और d

(C) a और b

(D) a और c

**नोट :** प्रश्न संख्या **6** से **13** में दो कथन हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिखाया गया है । नीचे दिये गये कोड्स के अनुसार अपने उत्तर पर निशान लगाइये :

6. **अभिकथन (A) :** एक समान बीज श्रेष्ठ परिणाम देते हैं । 1

**कारण (R) :** अतः इन बीजों की खरीद और संरक्षित करने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए । भरपूर पैदावार का आधार बीज ही है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

7. **अभिकथन (A) :** शिक्षक, गुरु, आचार्य को अत्यधिक सम्मान दिया जाता था । 1

**कारण (R) :** शिक्षक को ऐसे मार्गदर्शक के रूप में देखा जाता था जो विद्यार्थियों को अज्ञान के अंधकार से निकलने और ज्ञान का प्रकाश प्राप्त करने में सहायता करता था ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

5. In India, the manuscripts were traditionally written on _____ and _____. **1**

a. palm leaves
b. stone slates
c. bhūrjapattra
d. wood panels

**Options :**

(A) b and c
(B) b and d
(C) a and b
(D) a and c

**Note :** In questions **6 – 13**, there are **two** statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Mark your answer as per the codes provided below :

6. **Assertion (A)** : Uniform seeds produce excellent results. **1**

**Reason (R)** : One should (therefore) put in maximum effort to procure and preserve these seeds. The origin of plentiful yield is the seed.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, (R) is false.
(D) (A) is false, (R) is true.

7. **Assertion (A)** : The teacher, the guru, the acarya, was highly honoured. **1**

**Reason (R)** : The teacher was seen as the guide who helped students escape the darkness of ignorance and attain the light of knowledge.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, (R) is false.
(D) (A) is false, (R) is true.

8. धनुर्वेद, जो धनुर्विद्या विज्ञान और युद्ध कला संबंधी एक प्राचीन ग्रंथ है, में धनुर्विद्या के नियम, धनुष और बाण बनाने के नियम दिए गए हैं और इसमें हथियारों के प्रयोग और सेना के प्रशिक्षण का वर्णन है । 1

**अभिकथन (A) :** धनुर्वेद, धनुर्विद्या विज्ञान और युद्ध कला से संबधित एक प्राचीन ग्रंथ है ।

**कारण (R) :** इसमें उनकी प्रशंसा की गई है जो इनमें निपुण हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

9. **अभिकथन (A):** भारत में सदानीर नदियों का एक विस्तृत जाल बिछा हुआ है जिन्होंने कालान्तर में अत्यधिक उपजाऊ कछारी मिट्टी के विस्तृत भूभागों का निर्माण किया है । 1

**कारण (R) :** अमरकोश में मिट्टी की उर्वरता, सिंचाई और भौतिक विशेषताओं के अनुसार भूमि के बारह प्रकारों का वर्णन किया गया है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

10. **अभिकथन (A) :** प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली में परीक्षाओं का एक भिन्न स्वरूप था । 1

**कारण (R) :** कभी–कभी उच्च श्रेणी के विद्यार्थियों को नए विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए कहा जाता था और लिखित परीक्षाएँ सत्र के अंत में आयोजित की जाती थीं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

8. The Dhanurveda, an ancient treatise on the science of archery and the art of warfare, enumerates the rules of archery, rules of bow- and arrow-making and describes the uses of weapons and the training of the army. **1**

**Assertion (A)** : The Dhanurveda, an ancient treatise on the science of archery and the art of warfare.

**Reason (R)** : It praises those who are well versed in it.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

9. **Assertion (A)** : India is blessed with a large network of perennial rivers that over ages have created vast stretches of highly productive alluvial soil. **1**

**Reason (R)** : The Amarakosa, describes twelve types of lands according to the fertility of the soil, irrigation and physical characteristics.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

10. **Assertion (A)** : Examinations had a different form in the ancient Indian education system. **1**

**Reason (R)** : Sometimes advanced students were often called upon to teach beginners and written exams were conducted at the end of the session.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

11. **अभिकथन (A) :** सामाजिक नीतिशास्त्र उन मूल्यों का प्रतीक है जिनकी आवश्यकता सामाजिक व्यवस्था और सद्भाव के लिए होती है । 1

**कारण (R) :** सामाजिक नीतिशास्त्र का उद्गम इसके लोकतांत्रिक चिंतन में निहित है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

12. वलारी विसू में लकड़ी, हाथीदाँत या लोहे से निर्मित एक प्रकार के बूमरेंग का प्रयोग किया जाता है । यह शत्रु का दूर से प्रतिरोध करने अथवा उस पर वार करने का एक प्रशिक्षण है । यह मध्यकाल में तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में बहुत लोकप्रिय था और 18वीं सदी के आखिर तक चलन में बना रहा । 1

**अभिकथन (A) :** वलारी विसू में लकड़ी, हाथीदाँत या लोहे से निर्मित एक प्रकार के बूमरेंग का प्रयोग किया जाता है ।

**कारण (R) :** इसका उपयोग रक्षा के लिए भी किया जाता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

13. **अभिकथन (A) :** हड़प्पा काल की पक्की ईंटों के आकार का अनुपात $1 \times 2 \times 4$ (चौड़ाई दो ऊँचाई के बराबर; लम्बाई दो चौड़ाई के बराबर) था । 1

**कारण (R) :** इन ईंटों से बनी दीवारें अधिक मजबूत होती थी और कम मात्रा में ईंटों का प्रयोग होता था ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

11. **Assertion (A)** : Social ethics represents the values that are needed for social order and harmony. 1

**Reason (R)** : Social ethics has its origin in its democratic thinking.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

12. Valari vicu uses a kind of boomerang made of wood, ivory or iron. It is a training in remote resistance of or attack on an enemy. It was very popular in the medieval period in the southern districts of Tamil Nadu and continued to be practiced till the late $18^{th}$ century. 1

**Assertion (A)** : Valari vicu uses a kind of boomerang made of wood, ivory or iron.

**Reason (R)** : It is also used for defense.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

13. **Assertion (A)** : Harappan fired bricks had proportions of $1 \times 2 \times 4$ (width equals two heights; length equals two widths). 1

**Reason (R)** : The walls made with these bricks were stronger and the least quantity of bricks were used.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

14. दो प्रकार के ज्ञान से अवगत होना चाहिए । ये हैं परा विद्या और अपरा विद्या । शिक्षक को परा विद्या और ब्रह्म विद्या किसे प्रदान करनी चाहिए ? **1**

(A) जिसका चित्त पूर्णतया शांत हो और जिसकी इन्द्रियाँ वश में हों ।

(B) जो बिल्कुल वही करे जैसा शिक्षक कहता है ।

(C) जो स्थिर हो और अनुशासन के सिद्धान्तों का पालन करता हो ।

(D) जो वेदों, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद में निपुण हो ।

15. (I) नीचे दिये गये चित्र और पाठ्य विवरण का ध्यान से अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए । **1**

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।



**पाठ्य सामग्री :** कुएँ अनेक आकृतियों – वृत्ताकार, वर्गाकार, ऊर्ध्वाधर या क्षैतिज – और आकारों में तथा ईंट, पत्थर या टेराकोटा रिंगों से बनाए गए हैं । धोलावीरा की साधारण बावड़ियों से लेकर पुरातन काल के कुओं तक, विशेषकर गुजरात और राजस्थान में, इनका एक लम्बा इतिहास रहा है और ये न केवल इंजीनियरिंग का चमत्कार अपितु कला–कृतियाँ हैं ।

हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि गुजरात और राजस्थान में कुएँ –

(a) खराब डिजाइन वाले थे । (b) इंजीनियरिंग का चमत्कार थे ।

(c) कला–कृतियाँ थे । (d) साधारण थे ।

**विकल्प :**

(A) (a) और (d) (B) (a) और (b)

(C) (b) और (c) (D) (c) और (d)

**अथवा**

14. Two kinds of knowledge must be known. They are the higher knowledge and the lower knowledge. To whom should the teacher impart higher knowledge, the knowledge of Brahman ? **1**

(A) Whose mind is completely serene and whose senses are controlled.

(B) Who would work exactly as the teacher says.

(C) Who is stable and can follow guidelines of the discipline.

(D) Who is a master in Vedas, the Yajurveda, the Sāmaveda and the Atharvaveda.

15. (I) Study the following picture and the textual description given below and answer the question. Choose the most appropriate option. **1**

[redacted]

**Text material :** Wells have been made in many shapes – circular, square, vertical or horizontal – and sizes, and with bricks, stone or terracotta rings. There is a long way from Dholavira's modest step well to those of classical times, especially in Gujarat and Rajasthan, which are not only engineering marvels but works of art.

We can infer that wells in Gujarat and Rajasthan were

(a) poorly designed (b) engineering marvels

(c) works of art (d) modest

**Options :**

(A) (a) and (d) (B) (a) and (b)

(C) (b) and (c) (D) (c) and (d)

**OR**

(II) नीचे दिये गये पाठ का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए । सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिये । 1

**पाठ्य सामग्री :** कौटिल्य के अर्थशास्त्र में जल प्रबन्धन और सिंचाई की तकनीकों पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया है । कोई भी व्यक्ति जो जल–कल (वाटर वर्क) को पट्टे पर, किराए पर लेगा, हिस्सेदारी करेगा अथवा उनका प्रयोग करने के अधिकार के साथ बंधक के रूप में स्वीकार करेगा, उनका अच्छी स्थिति में रख–रखाव करेगा । स्वामी जल को दूसरों को दे सकता है (बदले में खेतों, पार्कों या बगीचों में उगाई गई उपज के हिस्से के रूप में) । स्वामी के न होने की स्थिति में, ग्राम में एक साथ काम कर रहे धर्मार्थ व्यक्ति या लोग, जल-कल का रख–रखाव करेंगे ।

हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि :

(a) जल की हिस्सेदारी उपयुक्त संरचनाओं/नहरों का निर्माण करके की जाती थी ।

(b) आदान–प्रदान प्रणाली प्रचलित थी ।

(c) कतिपय परिस्थितियों में जल–कल का प्रबंधन समुदाय द्वारा किया जाता था ।

(d) जल-कल निःशुल्क था ।

**विकल्प :**

(A) (a) और (d) (B) (a) और (b)

(C) (b) और (c) (D) (c) और (d)

16. बौद्ध नीतिशास्त्र के संबध में निम्नलिखित में कौन सा विकल्प सही है ? 1

(A) इसकी रचना विदुर ने की थी ।

(B) यह राज्य–व्यवस्था पर एक समृद्ध उपदेश है ।

(C) यह दर्शनशास्त्र पर एक समृद्ध उपदेश है ।

(D) यह चार महान सत्यों पर आधारित है ।

(II) Study the text given below and answer the question. Choose the most appropriate option. 1

**Text Material :**

Kautilya's Arthaśāstra pays great attention to water management and irrigation techniques. Anyone leasing, hiring, sharing or accepting a water-work as a pledge, with the right to use them, shall keep them in good condition. Owners may give water to others (in return for a share of the produce grown in the fields, parks or gardens). In the absence of the owner, either charitable individuals or the people of a village acting together, shall maintain water-works.

We can infer that :

(a) sharing of water was done by building suitable structures / channels.

(b) barter system was prevalent.

(c) under certain circumstance management of water-work was done by community

(d) water-works was free.

**Options :**

(A) (a) and (d) (B) (a) and (b)

(C) (b) and (c) (D) (c) and (d)

16. Which of the following options related to Buddhist Ethics is correct ? 1

(A) It is composed by Vidura.

(B) It has a rich discourse on polity.

(C) It has a rich discourse on darśanaśāstra.

(D) It is based on four Noble truths.

## भाग – II

17. भारत में प्रत्येक धार्मिक और प्रत्येक दार्शनिक पद्धति में एक प्रमुख नीतिशास्त्रीय घटक होता है । बौद्ध धर्म में नीतिशास्त्रीय घटक पर प्रकाश डालते हुए इस कथन पर टिप्पणी करें । **2**

18. वर्षा की भविष्यवाणी करने के लिए पाराशर और वाराहमिहिर द्वारा विकसित तकनीकें किन पर आधारित थीं ? **2**

19. "भारत में अभी भी लाखों की संख्या में पांडुलिपियों का भंडार मौजूद है ।" पांडुलिपियों के संरक्षण के बारे में विवरण देते हुए इस कथन पर टिप्पणी करें । **2**

20. लोकप्रिय युद्धाभ्यास थे जिनका लोगों द्वारा शस्त्रश्रम के रूप में अभ्यास किया जाता था । किन्हीं चार शस्त्रश्रमों का विवरण दीजिए । **2**

21. व्यक्तिगत और सामाजिक नीतिशास्त्र की परिभाषा दीजिए । यह समाज को किस तरह प्रभावित करता है ? **2**

22. गुरु-शिष्य परम्परा की दो विशेषताएँ बताइए जिन्हें आप अपने विद्यालय की व्यवस्था में शामिल करना चाहेंगे । **2**

23. यदि आप अपने विद्यालय में कोई एक भारतीय पारम्परिक युद्ध कला आरंभ करना चाहें तो वह क्या होगी और क्यों ? **2**

## SECTION – II

17. Every religious and every philosophical system of India has a prominent ethical component. Comment on the statement highlighting the ethical component in Buddhism. **2**

18. What were the techniques developed by Parāśara's and Varāhamihira to predict rainfall based on ? **2**

19. "India even now possesses a wealth of manuscripts running into many millions." Comment on this statement by providing details about preserving of manuscripts. **2**

20. There were popular martial exercises that were practised such as śastrāśrama. Give details of any four śastrāśramas. **2**

21. Define individual and social ethics. How does it impact the society ? **2**

22. State two features of guru-śiṣyaparamparā that you would like to integrate in your school system. **2**

23. If you were to introduce any one Indian traditional martial art form in your school, which one would that be and why ? **2**

## भाग – III

24. प्राचीन यूनानी और रोमन भूगोलवेत्ताओं और इतिहासकारों के वृत्तांतों में भारतीय वस्त्र और पहनावा शैलियों पर कुछ उपयोगी जानकारी है ।

वे अपनी देह को पैरों तक महीन मलमल के वस्त्रों से ढँके रहते हैं, पैरों में चप्पल पहनते हैं और सिर के चारों ओर सूती वस्त्र की कुंडली डालते हैं । उनके कानों से लटकन (पेंडेन्ट) के रूप में कीमती रत्न लटकते हैं और उच्च सामाजिक प्रतिष्ठा अथवा अकूत संपत्ति वाले लोग अपनी कलाई और ऊपरी बाजू को सोने के कंगन से सुसज्जित करते हैं ।

इस पाठ्य सामग्री के आधार पर – हम भारतीय पहनावे के बारे में क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं ? वर्तमान के पहनावे के बोध से इसकी तुलना कीजिए । **5**

25. (i) "शिक्षण कार्य मौखिक विधि से होता था और विद्यार्थियों से यह आशा की जाती थी कि वे कक्षा में उन्हें जो पढ़ाया जाता है उसकी प्रत्यक्ष अनुभूति प्राप्त करेंगे ।" अपने अनुभव के आधार पर वर्तमान समय की शिक्षण पद्धति से तुलना करें । **2**

(ii) भारत में शिक्षा को समुदाय (लोगों) द्वारा सहायता दी जाती थी । समुदाय द्वारा क्या भूमिका निभाई जाती थी ? **2**

(iii) खेल और मनोरंजनात्मक क्रिया–कलाप विद्यार्थियों के विकास को किस तरह प्रभावित करते हैं ? **1**

26. (i) "एक बुद्धिमान मनुष्य को भलाई करनी चाहिए – यह ऐसा खजाना है जो उसका साथ नहीं छोड़ेगा ।" आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं ? अपने जीवन के अनुभवों पर चिंतन कीजिए और टिप्पणी दीजिए । **3**

(ii) यदि आप किसी एक मूल्य की लालसा / अर्जन करना चाहें तो वह क्या होगा और क्यों ? **2**

## SECTION – III

24. The accounts of classical Greek and Roman geographers and historians have some useful information on Indian textiles and dress styles.

They cover their persons down to the feet with fine muslin, are shod with sandals and coil round their heads clothes of linen (cotton). They hang precious stones as pendants from their ears and persons of high social rank or of great wealth, deck their wrist and upper arm with bracelets of gold.

Based on this textual material - What can we infer about Indian dressing ? Draw a comparison with today's sense of dressing. **5**

25. (i) "Teaching was in the oral mode and students were also expected to gain firsthand experience of what they were taught in the class." Based on your experience, draw a comparison with current day learning methodology. **2**

(ii) Education in India was supported by the community. What role did the community play ? **2**

(iii) How do games and recreational activities impact the student's development ? **1**

26. (i) "A wise man should do good – that is the treasure which will not leave him." How far do you agree with this statement ? Reflect on life experiences and comment. **3**

(ii) If you were to hone / acquire one value, what would that be and why ? **2**

27. **पाठ उद्धरण** : लाठी जो एक परिमार्जित बाँस की छड़ी है, का प्रयोग विभिन्न नियंत्रण तकनीकों, चरणों और अवस्थितियों के माध्यम से शत्रु से बचाव करने के लिए किया जाता है । छड़ी के उपयोग का एक आकलन प्रस्तुत करते हुए अपने विचार व्यक्त करें कि क्यों यह हथियार सम्पूर्ण भारत में इतना लोकप्रिय रहा है । **5**

## भाग – IV

28. (i) शिक्षा की भारतीय अवधारणा केवल ज्ञान-शक्ति पर केन्द्रित नहीं थी : यह छात्रों के आंतरिक और बाह्य विकास पर केन्द्रित थी । आंतरिक और बाह्य विकास के किन पहलुओं का उल्लेख किया जा रहा है ? **3**

(ii) चीनी विद्वानों आई-त्सिंग (यिजिंग) और ह्वेन त्सांग (जुआन जैंग) ने 7वीं सदी ईसवी में नालंदा का भ्रमण किया था । भारतीय शिक्षा प्रणाली और विश्वविद्यालय पर उनके क्या विचार थे ? **2**

29. ऋत् की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए और यह मानव समाज के लिए क्या करता है ? यह वर्तमान समय में किस तरह प्रासंगिक है ? **5**

30. कुश्ती के अलावा अन्य अभ्यास थे जिनकी सिफारिश युद्ध कलाओं में निपुणता प्राप्त करने की तैयारी के रूप में शारीरिक शक्ति बढ़ाने के लिए की जाती थी । सिफारिश किए गए अन्य अभ्यास क्या थे ? यदि आपको किसी प्रकार का अभ्यास अपनाना हो तो वह क्या होगा और क्यों ? **5**

27. **Text Extract :** Lathi a polished bamboo stick is used to ward off the enemy through various wielding techniques, steps and positioning. Presenting an overview of the use of stick, express your views why this weapon had been so popular all over India. **5**

## SECTION – IV

28. (i) The Indian concept of education was not focused on the intellect alone : it focused on the students' inner as well as outer development. What aspects of inner and outer development are being referred to ? **3**

(ii) The Chinese scholars I-tsing (Yijing) and Hsüan-tsang (Xuanzang) visited Nālandā in the $7^{th}$ century CE. What were their impressions of the Indian education system and the university ? **2**

29. Explain the concept of ṛta and what does it do to the human society ? How is it relevant in the present time ? **5**

30. Apart from wrestling there were other exercises that were recommended in order to increase physical strength as a preparation to the mastering of martial arts. What are the other exercises recommended ? If you were to take up any form, what would that and why ? **5**

31. **पाठ्य सामग्री** :

कृषि पद्धतियों में प्रायः सिंचाई की कुछ तकनीक शामिल होती थीं । नहरों, लघु धाराओं अथवा ग्रामीण तालाबों जैसे कुछ जलाशयों के चलते पूर्णतः या आंशिक रूप से सिंचित फसलें उगाई जाती थीं । जलाशय शुष्क ऋतुओं या दीर्घावधिक सूखे की स्थितियों से निपटने के लिए जल संचयन का उद्देश्य भी पूरा करते थे । सिंचाई का सबसे सरल रूप बैलों की जोड़ी द्वारा कुएँ से चमड़े की थैले को खींचना होता था; थैला कुएँ की मुंडेर पर उलटकर अपना पानी एक छोटी नहर में उड़ेल देता था ।

(i) ऊपर दिए गए पाठ उद्धरण के आधार पर प्राचीन और वर्तमान भारत में प्रचलित सिंचाई की पद्धतियों पर टिप्पणी लिखिए । **3**

**पाठ्य सामग्री** :

भारत एक कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था और सभ्यता वाला देश रहा है और इसमें दीर्घ, समृद्ध और विविध परम्परा की कृषि पद्धतियाँ विकसित हुई हैं । प्रत्येक देश की तरह भारत में कृषि लोक-संस्कृति का एक अभिन्न अंग रही है और इसने वार्षिक मेलों, पशु मेलों, त्योहारों, धार्मिक अनुष्ठानों को जन्म दिया जो सभी समारोह आयोजन के अवसर प्रदान करते थे । इस उद्देश्य के लिए भारत के लगभग सभी भागों में अपनी तिथियाँ और रीति-रिवाज थे ।

(ii) ऊपर दिए गए पाठ के आधार पर – हमारी संस्कृति में कृषि की भूमिका का मूल्यांकन करें । **2**

---

31. **Text Material :**

Agricultural practices often involve some technique of irrigation. Wholly or partly irrigated crops were raised thanks to canals, smaller channels or reservoirs such as village tanks. Reservoirs also served the purpose of water harvesting to cope with the dry seasons or prolonged droughts. The simplest form of irrigation consisted in having a pair of bullocks pull a leather bag out of a well; the bag would tilt over the edge of the well and empty its content into a small channel.

(i) Based on the text extract given above – Comment on the irrigation methods practiced in ancient and contemporary India. **3**

**Text Material :**

India has been an agricultural economy and civilization and has evolved a long, rich and diverse tradition of agricultural practices. In India as in every country, agriculture was an integral part of popular culture and gave rise to annual fairs, cattle melas, festivals and rituals, all of which were occasions for celebration. Almost every part of India had its own dates and customs for the purpose.

(ii) Based on the text given above – Evaluate the role of agriculture in our culture. **2**